आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**28 अप्रैल** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत–न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते का किया स्वागत। कहा– दोनों देशों की विकास साझेदारी को अभूतपूर्व गति प्रदान करेगा यह समझौता ।
- प्रधानमंत्री का दो दिवसीय प्रदेश दौरा आज से। वाराणसी में महिला सम्मेलन को सम्बोधित करने के साथ विभिन्न विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात। कल हरदोई में गंगा एक्सप्रेस वे का करेंगे उद्घाटन।
- अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर के शिव मंदिर पर कल ध्वजारोहण करेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। कार्यक्रम में शामिल होंगे करीब 700 मेहमान।
- दसवीं और बारहवीं की परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों के लिए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शुरू की स्क्रूटिनी प्रक्रिया। सत्रह मई दो हजार छब्बीस तक किए जा सकते हैं आवेदन।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत–न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते का स्वागत करते हुए इसे दोनों देशों की साझेदारी में एक ऐतिहासिक क्षण बताया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह समझौता दोनों देशों की विकास साझेदारी को अभूतपूर्व गति प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि न्यूजीलैंड की ओर से बीस अरब अमरीकी डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता कृषि, विनिर्माण, नवाचार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करेगी, जिससे दोनों देशों के लिए अधिक समृद्ध और गतिशील भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये भारत–न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताया । उन्होंने कहा कि यह समझौता देश के आर्थिक विकास और वैश्विक समृद्धि की राह को मजबूती देगा।

इससे पहले, केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने छब्बीस अप्रैल को आगरा में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते से आगरा के चमड़ा उद्योग और प्रदेश के हैंडलूम सहित अन्य दस्तकारों को नये अवसर मिलेंगे।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दो दिवसीय दौरे पर उत्तर प्रदेश पहुंचेंगे। वह आज शाम वाराणसी में महिला सम्मेलन को संबोधित करेंगे। एक रिपोर्ट–

**इस विशाल महिला सम्मेलन में 40 हजार से ज्यादा महिलाओं के भाग लेने की उम्मीद है और प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था भी महिला सुरक्षाकर्मियों द्वारा ही संभाली जाएगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री अपने निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित कई विकास कार्यक्रमों का शुभारंभ करेंगे, जिनमें जल जीवन मिशन के तहत 30 ग्रामीण पेयजल योजनाएं, चंद्रावती घाट का पुनर्निर्माण, सारनाथ के पास सारंगनाथ मंदिर का विकास और नागवा स्थित संत रविदास पार्क का सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार कार्य शामिल हैं। क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री यूपी कॉलेज में सिंथेटिक हॉकी टर्फ का भी उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री तिब्बती अध्ययन केंद्रीय विश्वविद्यालय में सोवा रिग्पा भवन और अस्पताल का उद्घाटन करेंगे, जो आधुनिक स्वास्थ्य प्रणालियों के साथ पारंपरिक चिकित्सा को एकीकृत करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री लगभग 5,300 करोड़ रुपये की 112 से अधिक परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, जिनमें अस्सी घाट, दशाश्वमेध घाट और नमो घाट सहित प्रमुख घाटों पर पर्यटन सुविधाओं का विकास शामिल है। प्रधानमंत्री बनास डेयरी से जुड़े उत्तर प्रदेश के दूध उत्पादकों को 105 करोड़ रुपये से ज्यादा का बोनस भी बांटेंगे और दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों – बनारस से पुणे और अयोध्या से मुंबई – को भी हरी झंडी दिखाएंगे। कल सुबह, प्रधानमंत्री वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे। इसके बाद वे हरदोई जाएंगे और गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार वाराणसी।**

प्रधानमंत्री कल हरदोई में गंगा एक्सप्रेस वे के उद्घाटन के बाद एक जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे। गंगा एक्सप्रेस–वे के माध्यम से मेरठ और प्रयागराज के बीच यात्रा का मौजूदा समय काफी कम हो जाएगा। एक रिपोर्ट–

**594 किलोमीटर लंबा गंगा एक्सप्रेसवे एक्सेस–नियंत्रित ग्रीनफील्ड हाई–स्पीड कॉरिडोर है, जिसका निर्माण लगभग 36 हजार 230 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। यह एक्सप्रेसवे मेरठ, बुलंदशहर, हापुड़, अमरोहा से होते हुए प्रयागराज तक 12 जिलों को जोड़ता है। इस परियोजना से शाहजहांपुर में साढ़े तीन किलोमीटर लंबी आपातकालीन लैंडिंग सुविधा भी शामिल है। इस एक्सप्रेस वे के जरिए प्रदेश को पश्चिमी, मध्यमी और पूर्वी क्षेत्रों को हाई–स्पीड कॉरिडोर के माध्यम से जोड़ा गया है। इस परियोजना से मेरठ और**

**प्रयागराज के बीच यात्रा का समय 12 घंटे से घटकर लगभग 6 घंटे रह जाने की उम्मीद है। आकाश शुक्ला, आकाशवाणी समाचार, हरदोई।**

**********

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज श्रीनगर से दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए चार हजार पांच सौ अड़सठ करोड़ तेइस लाख रुपए केन्द्रांश जारी करेंगे। इस धनराशि से ग्रामीण आजीविका अभियान को गति मिलेगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में स्थित शिव मंदिर पर ध्वजारोहण करेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने बताया कि कल शाम पांच बजे यह अनुष्ठान सम्पन्न होगा। इस कार्यक्रम में करीब सात सौ मेहमान शामिल होंगे। अयोध्या के जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने कल कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। वहां के एसएसपी ने बताया कि कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की जा रही है।

**29 तारीख को जनपद अयोध्या के अयोध्या धाम में जो वीआईपी विजिट प्रस्तावित है, जो मंदिर में कार्यक्रम होना है, उसके दृष्टिगत हमारे और डीएम साहब द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर लिया गया है। जो कोई व्यवस्थाएं वहां पर की जानी है, उसको सुचारू रूप से किया जा रहा है। वीआईपी विजिट को दृष्टिगत रखते हुए ट्रैफिक का भी प्लान बनाया गया है और जो आम श्रद्धालु है, उनकी सुविधा और सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाए इसके लिए सभी प्रबंध किए जा रहे है।**

**********

यूपी बोर्ड से इस वर्ष दसवीं और बारहवीं की परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों के लिए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् ने स्क्रूटिनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। जो विद्यार्थी किसी विषय में प्राप्त अंकों से संतुष्ट नहीं हैं वह बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर स्क्रूटिनी फॉर्म भर सकते हैं। स्क्रूटिनी प्रक्रिया के तहत एक विषय की कॉपी को रीचेक करवाने के लिए आवेदक को पांच सौ रुपये का भुगतान करना होगा। फीस ऑनलाइन माध्यम से जमा की जा सकती है। स्क्रूटिनी प्रक्रिया के लिए आवेदन की अंतिम तिथि सत्रह मई दो हजार छब्बीस है।

**********

केन्द्र सरकार ने दोहराया कि देश में उर्वरकों की उपलब्धता बनी हुई है और आपूर्ति लगातार मांग से अधिक है। पश्चिम एशिया घटनाक्रमों पर अंतर–मंत्रालयी ब्रीफिंग में उर्वरक विभाग की अपर सचिव अपर्णा शर्मा ने कल कहा कि अब तक किसी भी प्रकार की कमी की सूचना नहीं मिली है। इस अवसर पर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि केन्द्र सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि देश में एलपीजी और पीएनजी के साथ–साथ सीएनजी की आपूर्ति सुचारु रूप से जारी रहे।

**भारत सरकार की यह कोशिश रही है कि घरेलू एलपीजी, पीएनजी उपभोक्ताओं को और सीएनजी ट्रांसपोर्ट को पूरी तरह हंड्रेड परसेंट प्रोटेक्ट करते हुए सप्लाई इंस्योर की जाय और ये किया गया है। इसके अलावा कमर्शियल एलपीजी का लोकेशन भी सत्तर प्रतिशत तक इंक्रीज किया जा चुका है।**

**********

हमीरपुर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या चौंतीस पर कल रात मौदहा में एक ट्रक और चारपहिया वाहन की टक्कर में वाहन सवार चार लोगों की मौत हो गयी, जबकि तीन लोग घायल हो गये। हादसे के शिकार सभी लोग एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे।

**********

भीषण गर्मी के बीच मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में आज से बारिश का पूर्वानुमान जाताया है। विभाग ने प्रदेश भर में आज से लेकर एक मई तक कहीं कहीं बिजली गिरने और तेज झोंकेदार हवा चलने का येलो अलर्ट भी जारी किया है। विभाग के मुताबिक दो दिनों के दौरान प्रदेश के न्यूनतम तापमान में धीरे धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होगी, जबकि तीन से चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे धीरे चार से छह डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की जाएगी।

**********